
**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

| | |
|---|---|
| Recruitment | Entertainment & Event |
| Property | Hobbies & Interests |
| Business Opportunity | Services |
| Vehicles | Jewellery & Watches |
| Announcements | Music |
| Antiques & Collectables | Obituary |
| Barter | Pets & Animals |
| Books | Retail |
| Computers | Sales & Bargains |
| Domain Names | Health & Sports |
| Education | Travel |
| Miscellaneous | |

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# चीन सीमा से सटी सड़क के नब्बे दिनों से बंद होने से बढ़ने लगी मुश्किलें

**जिम्मेदार कौन**

## बीस साल से इन सड़कों की निगरानी बीआरों के पास है

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**



पिथौरागढ़। सीमांत जनपद की लाइफ लाइन सड़कों के पिछले नब्बे दिनों से बंद होने के कारण सीमांत के ग्रमीणों का धैर्य अब आक्रोश के तौर पर बीआरों के खिलाफ जमकर देखने को मिल रहा है। बता दें कि सीमांत की सामरिक द्रष्टि से महत्वपूर्ण इन सड़कों को खोलने में कही न कही बीआरों की लापरवाही अब सामने आने लगी है। वही दूसरी ओर वर्तमान में हालात यह है कि सीमांत के पचास से भी अधिक गांवों का संपर्क तंत्र पूरी तरह से अलग थलग पडा हुआ है। इन इलाकों में रोजमर्रा की चीजों के लिए ग्रमीणों को खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

जानकारी के मुताबिक तवाघाट से सोबला तक की सडकों की देखरेख का जिम्मा पिछले बीस सालों से एकमात्र बीआरों के पास है। वही हालात अतने बद्दतर हो चुके है कि सीमांत की लाइफ लाइन कही जाने वाली इन सड़कों के पूरी तरह से अब तक बंद पड़े होने के कारण इलाके के ग्रमीणों के साथ गंभीर रूप से बीमार पड़े मरीजो व गर्भवती महिलाओं को लगभ्भग दस किमी के आसपास पैदल चढ़ाई तय कर जान हथेली पर रखकर आवाजाही करने को सबसे ज्यादा फजीहत झेलने को मजबूर होना पड़ रहा है।

सीमांत के इन गांवों के ग्रमीणों ने बीआरों के खिलाफ इन सड़कों की जिम्मेदारी लेने के बाद मौके पर बंद पड़ी सड़कों को अब तक न खोले जाने पर अपनी उपेक्षा का आरोप लगा डाला है।

सड़कों में उतरकर बीआरों के खिलाफ सीमांत के गांवों के पुरूष व महिलाओं ने अब बीआरो को शीघ्र सड़क न खोले जाने पर आमरण अनशन की चेतावनी दे डाली है। पिछले तीन रोज पूर्व जिलाधिकारी आशीष चौहान ने मौके पर इलाके के दारमा व चौदास घाटी की बंद पड़ी सड़कों का मुआयना करने के बाद तत्काल बीआरों को इन बंद पड़ी सड़कों को खोलने के निर्देश तक दिये मगर अब तक बीआरों द्वारा कोई ठोस पहल नही की गई। ऐसे में इलाके के ग्रमीणों का बीआरों के खिलाफ गुस्सा जमकर फूट रहा है। सीमांत के ग्रमीणों ने दो टूक लफ्जों में कह डाला है कि तवाघाट सोबला सडक का रखरखाव व सुध ाारा यदि बीआरों नही कर कर सकती है तो ऐसे में बीआरो प्रशासन को इसका लिखित में जवाब देना पडेगा।

इस मामले पर जिलाधिकारी आशीष चौहान ने बताया कि खराब मौसम के सड़कों को खोलने में दिक्कतें आ रही है। सड़कों को मानीटीरिंग की जा रही है। बीआरों व अन्य ऐंजेंसिया सड़कों को खोलने में लगी हुई है। बंद पड़ी सड़कें जल्द खुल जायेगी।

## न्यूज डायरी

### भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना का किया गया आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विश्वकर्मा कामगार समिति के तत्वधान में शनिवार चंदन नगर में भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना का आयोजन गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी किया गया। इस मौके पर मशीनों और औजारों की साफ–सफाई कर उनकी पूजा अर्चना की गई तथा भगवान से प्रार्थना की गई कि हमारे कारोबार में वृद्धि करें तथा भगवान विश्वकर्मा प्रदेश कोरोना महामारी से पूर्णतया मुक्ति दिलाए ताकि सभी लोग सुखी रहें। कार्यक्रम के पश्चात सभी लोगों को प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा,धर्मेंद्र धीमान,प्रभात,अरविन्द गुप्ता ,डंडरियाल ,आरिफ वारसी,प्रदीप कुकरेती,विजय नौटियाल,सुनील विरमानी, प्रवीण गुप्ता, इलियास खान, सुनील कुमार, राजकरण, जगदीश, जय सिंह, कुलदीप,आशीष,करतार सिंह आदि शामिल रहे।

### आकाश इंस्टीट्यूट हरिद्वार के छह छात्रों ने जेईई मेन में प्रभावशाली अंक हासिल किया

**संवाददाता** हरिद्वार। परीक्षा तैयारी सेवाओं में देश भर में अग्रणी आकाश इंस्टीट्यूट के हरिद्वार ब्रांच से छह छात्रों ने प्रतिष्ठित जॉइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन (जेईई) मेन 2021 के समेकित परिणाम में प्रभावशाली 99 परसेंटाइल और उससे अधिक अंक हासिल किया है हार्दिक गर्ग (99.96 पर्सेंटाइल) आदित्य गर्ग (99.95 पर्सेंटाइल) निकुंज कंसल (99.94 पर्सेंटाइल) सौम्या राज (99.82 पर्सेंटाइल) आयुष मदान और सार्थक कलंकर (क्रमशः 99.74) ने 99 पर्सेंटाइल और उससे अधिक अंक हासिल किए हैं। दुनिया की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षा मानी जाने वाली आईआईटी जेईई को क्रैक करने के लिए दो साल के क्लासरूम प्रोग्राम में सभी क्लासरूम के छात्र आकाश इंस्टीट्यूट में शामिल हुए।

### एयरटेल और डिज्नी प्लस हॉटस्टार ग्राहकों के लिए सर्वश्रेष्ठ डिजिटल एंटरटेनमेंट लेकर आए

**संवाददाता** देहरादून। भारत में टेलीकम्युनिकेशन सेवाओं का अग्रणी प्रदाता भारती एयरटेल लिमिटेड अपने मोबाईल एवं होम ब्रॉडबैंड प्लांस के साथ बंडल्ड 1 साल के डिज्नी प्लस हॉटस्टार के सब्सक्रिप्शन द्वारा अपने ग्राहकों का डिजिटल एंटरटेनमेंट का अनुभव बेहतर बना रहा है। हाई–स्पीड डेटा के पर्याप्त कोटा के साथ एयरटेल के ग्राहक डिज्नी प्लस हॉटस्टार की लाईब्रेरी की निशुल्क अनलिमिटेड एक्सेस प्राप्त कर सकते हैं जिसमें उन्हें 100,000 घंटों से ज्यादा समय का दिलचस्प कंटेंट मिलेगा। डिज्नी प्लस हॉटस्टार के सब्सक्रिप्शन के साथ यूजर्स को मुख्य ग्लोबल स्पोर्टिंग ईवेंट्स की लाईव कवरेज भी मिलेगी।

# सरकार ने हाईकोर्ट को बताया, कर्मकार बोर्ड में गबन नहीं हुआ

**संवाददाता** नैनीताल। मुख्य न्यायाध ाीश न्यायमूर्ति आरएस चौहान व न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खंडपीठ ने भवन एवं सन्निर्माण कल्याण बोर्ड में भ्रष्टाचार के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई की। मामले में सरकार ने जांच रिपोर्ट दाखिल करते हुए बताया कि 20 करोड़ की रकम बोर्ड की लापरवाही के कारण किसी दूसरी कंपनी को दे दी गई, जो अब सरकारी खाते में आ चुकी है। 20 करोड़ का गबन नहीं हुआ है।

बोर्ड के जिन अधिकारियों की लापरवाही से यह हुआ है, उनके खिलाफ उत्तराखंड सरकारी सेवक अनुशासनिक संशोधित नियमावली 2010 के प्राविधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है। सरकार ने स्पष्ट किया कि विभागीय जांच बैठा दी गई है। इसमें तत्कालीन सचिव भवन एवं सन्निर्माण कल्याण बोर्ड दमयंती रावत, कर्मचारी राज्य बीमा योजना के मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आकाशदीप व मुख्य फार्मासिस्ट बीएन सेमवाल, श्रम विभाग के वरिष्ठ सहायक नवाब सिंह शामिल हैं। कोर्ट ने मामले में अगली सुनवाई दस नवंबर नियत कर दी।

काशीपुर निवासी खुर्शीद अहमद ने भ्रष्टाचार मामले में जनहित याचिका दायर की है, जिसमें कहा गया है कि वर्ष 2020 में भवन एवं सन्निर्माण कल्याण बोर्ड की ओर से श्रमिकों को टूल किट, सिलाई मशीन एवं साइकिल देने के लिए समाचारपत्रों में विज्ञापन दिया गया था। इनकी खरीद में बोर्ड अधिकारियों ने वित्तीय अनियमितता बरती।



### सीएम ने केदारनाथ एवं गंगोत्री में पूजा–अर्चना में वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर केदारनाथ एवं गंगोत्री में आयोजित पूजा–अर्चना में वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दीर्घ जीवन की ईश्वर से कामना की।

# पीएम के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में कर रहा है प्रगतिः मुख्यमंत्री

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी के साथ शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर वाटिका पार्क , गोविंदगढ़ सेवा बस्ती देहरादून में स्वच्छता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। देश आत्मनिर्भर भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तराखंड प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने इसके बाद कोरोनेशन अस्पताल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर मरीजों को फल वितरण किया और उनका हालचाल जाना। उसके उपरांत मुख्यमंत्री ने गांधी शताब्दी अस्पताल में कोविड टीकाकरण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री श्री अजय भट्ट, स्वास्थ्य एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष/विधायक मदन कौशिक, विधायकगण एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### गढ़मुक्तेश्वर के प्रतीक भारद्वाज मौज सुपरस्टार हंट जीतकर नेशनल सुपरस्टार बने

**संवाददाता** हरिद्वार। भारत के नंबर वन शॉर्ट वीडियो एप्प मौज ने देशभर में दो महीने तक चले अपने डिजिटल टैलेंट हंट का आज समापन कर दिया है। मौज ने गढ़मुक्तेश्वर के प्रतीक भारद्वाज को कॉमेडी कैटेगरी में मौज सुपरस्टार घोषित किया है। अपनी कड़ी मेहनत और विशुद्ध प्रतिभा से प्रतीक भारद्वाज ने हर किसी का ध्यान खींचा और 'कॉमेडी कैटेगरी' में विजेता बने। प्रतीक को वह शोहरत मिली, जिसके वह हकदार थे और साथ ही उन्हें 5 लाख रूपये की इनामी धनराशि भी दी गई। देशभर से बेहतरीन टैलेंट की खोज के उद्देश्य से लॉन्च हुए 'हैजटैग मौज सुपर स्टार हंट' ने क्रियेटर्स को इस प्लेटफॉर्म पर अपनी स्किल्सं दिखाने के लिये आमंत्रित किया था। 'हैजटैग मौज सुपर स्टार हंट' के जज थे प्रसिद्ध कोरियोग्राफर–डायरेक्टर रेमो डीसूजा और मेजबान थे मौज के टॉप इंफ्लूएंसर अवेज दरबार।